## कार्यालय जनपद न्यायाधीश, हरदोई।

आम नोटिस

माननीय उच्च न्यायालय के पत्र संख्या 1336/VII 6-104/Admin.'D' Section/ Allahabad, Dated- 08-02-2022 के अनुसार शासनादेश संख्या–1963/सात–न्याय–2–2000–41जी/97 दिनांक 19–10–2000 एवं शासनादेश संख्या–15/2016/1111/सात–न्याय–2–2016–41जी/97 दिनांक 10–08–2016 के अनुक्रम में जनपद न्यायालय, हरदोई में संविदा के आधार पर चार सफाई कर्मियों की नियुक्ति की जानी है। यह नियुक्ति पूर्णतः अंशकालिक रूप से नियत वेतन रू0 6000/– प्रतिमाह की दर से संविदा के आधार पर होगी, जिसे कभी भी बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त किया जा सकता है। सफाई कर्मी की पूर्णकालिक नियमित नियुक्ति किसी भी दशा में नहीं की जायेगी बल्कि संविदा के तौर पर उनसे कार्य लिया जावेगा।

अतः इच्छुक अभ्यर्थी उपरोक्त सफाई कर्मी के चार पदों हेतु दिनांक 31–03–2022 तक अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप पर जनपद न्यायालय के नजारत अनुभाग में केन्द्रीय नाजिर के पास जमा कर सकते हैं। साक्षात्कार दिनांक 17–04–2022 को सुबह 11.00 बजे दस कक्षीय न्यायभवन के मीटिंग हाल में लिया जायेगा।

भवदीय

संलग्नक– उपरोक्तानुसार।

( सुरेन्द्र सिंह-I)
अध्यक्ष, चयन समिति/
जनपद न्यायाधीश,
हरदोई।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं प्रकाशनार्थ प्रेषित :–

1. विशेष कार्याधिकारी (कम्प्यूटर), माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद को इस सूचना को माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की वेबसाइट पर प्रदर्शित कराये जाने के अनुरोध के साथ प्रेषित।
2. जिला सूचना अधिकारी, हरदोई।
3. प्रकाशक प्रतिनिधि दैनिक जागरण निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
4. प्रकाशक प्रतिनिधि अमर उजाला निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
5. नोटिस बोर्ड पर चस्पा किए जाने हेतु।
6. कम्प्यूटर अनुभाग इण्टरनेट पर विज्ञप्ति हेतु हरदोई।

Surendra 11.3.2022

( सुरेन्द्र सिंह-I)
अध्यक्ष, चयन समिति/
जनपद न्यायाधीश,
हरदोई।

**जनपद न्यायालय, हरदोई में सफाई कर्मियों के सृजित पदों पर संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन का प्रारूप (वर्ष–2022)**

1. पद का नाम ——————————————————
2. आवेदक का नाम ————————————————
3. पिता का नाम ——————————————————
4. जन्मतिथि —————————————————————
5. शैक्षिक योग्यता ——————————————————
6. कार्य अनुभव ———————————————————
7. भाषा ज्ञान ————————————————————
8. पत्राचार हेतु पता ———————————————————
9. संपर्क दूरभाष/मोबाइल नंबर एवं ई–मेल ——————
10. सेवा काल के दौरान यदि किसी जांच में दण्डित हुए हों तो उसका विवरण——————

नवीनतम अभिप्रमाणित पासपोर्ट साइज फोटो चस्पा करें।

(आवेदक का हस्ताक्षर)

**घोषणा**

मैं————————————एतदद्वारा घोषणा करता/करती हूं कि उपरोक्त अंकित समस्त कथन व विवरण पूर्णतया सत्य व सही है तथा उक्त अंकित कोई भी विवरण असत्य व गलत नहीं है इस सम्बन्ध में मेरे द्वारा वर्णित कोई भी सूचना असत्य व मिथ्या पाई जाती है तो संस्था द्वारा मेरा चयन निरस्त किया जा सकता है, जो कि मुझे मान्य होगा तथा वैधानिक कार्यवाही के दायित्वाधीन होगा। मैं यह भी घोषणा करता हूं कि मैं कभी किसी न्यायालय द्वारा आपराधिक मामले में दण्डित नहीं किया गया हूं और न ही मेरे विरूद्ध कोई भी आपराधिक वाद किसी न्यायालय में विचाराधीन है और न ही मेरे विरूद्ध किसी आपराधिक मामले की प्राथमिकी किसी थाने में दर्ज है।

दिनांक–

स्थान–

(आवेदक का हस्ताक्षर)

आवेदक का नाम ————————